दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 06 अप्रैल 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### एफएसटी की टीम ने कार से बरामद किया 2.90 लाख कैश

**जांजगीर-चांपा-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में वाहन चेकिंग के दौरान 2 लाख 90 हजार रुपये जब्त किया गया है. एफएसटी टीम ने यह कार्रवाई की है. दरअसल, जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के मेऊभाटा में लोकसभा चुनाव को लेकर चेक पोस्ट बनाया गया है. इसमें एफएसटी की टीम लागतार आने-जाने वाले वाहनों की जांच में जुटी हुई है. एफएसटी की टीम ने जांच के दौरान कार क्रमांक सीजी 11 बीई 5457 में सवार होकर बिलासपुर जा रहे चंद्रपुर सक्ति जिले के रहने वाले नंदरलाला देवांगन को रोका. वाहन की चेकिंग करने पर उसके पास से 2 लाख 90 हजार रुपये मिले. इस पर नंदरलाल देवांगन से इस रकम के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन नदंरलाल ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया. इसके बाद एफएसटी की टीम ने नदंरलाला देवांगन के विरुद्ध धारा 102 के तहत मामला दर्ज कर लिया और युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### नशीली दवाओं के साथ तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिबंधित नशीली दवाईओं की बिक्री करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस एवं एसीसीयु की टीम ने तीन तस्करों को पकडऩे में सफलता पाई है। आरोपियों को पुलिस ने जबलपुर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों के पास से 3,86,050 रुपए की नशीली दवाइयां, मोबाइल, लैपटॉप व अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, एसीसीयु के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग झा, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के निर्देशन में नशीली दवाई बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ा गया था। 23 मार्च को जीवन रेखा परिसर दुर्ग में गोवर्धन प्रसाद बंछोर निवासी रिसाली, अनीश उफर् सोनी राजपूत निवासी शंकर नगर दुर्ग तथा रुस्तम नेताम निवासी बघेरा को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाई अल्प्राजोलम बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### कार में 22 लाख के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा निजात अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थो गांजा, नशीली दवाई आदि पर कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी थाना अभनपुर पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर-धमतरी मार्ग पर एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा की तस्करी करने वाला है। जिस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे थाना प्रभारी अभनपुर विमल पाठक के कुशल मार्गदर्शन में टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। जिसे पुछताछ करने पर अपना नाम पंचानन पिता श्याम सुन्दर उम्र 41वर्ष निवासी मालपाड़ा थाना खपरा खोल बालंगीर ओडिसा के कब्जे के वाहन मारुति स्विफ्ट से 110 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद कर जप्त किया गया जिसपर विधिवत कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है मामले में जांच की जा रही है।

# क्राइम मीटिंग... अपराध समीक्षा बैठक पर क्राइम कंट्रोल और एक्सीडेंट में कमी लाने समेत महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

- पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने ऑनलाइन सट्टा और अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई जारी रखने के दिए निर्देश
- अपराध निकाल और निर्वाचन कार्य के संबंध में दिया गया महत्वपूर्ण दिशा निर्देश





**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा आज दोपहर पुलिस नियंत्रण कक्ष में राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारी तथा विभिन्न शाखा प्रभारी की बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावर सभी थानों के लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुम इंसान, वारंटो की समीक्षा किया गया और प्रभारी को उनके यथाशीघ्र निकाल के संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली में सभी अच्छी ड्यूटी किये जिससे जिले में कोई बड़ी घटना/दुर्घटना नहीं हुई। इसी प्रकार आगे भी हर प्रकार की ड्यूटी को गंभीरता से लें जिससे जिले की कानून व्यवस्था बनी रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सामाजिक अपराधों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने जुआ-सट्टा और अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना पर कमी लाने विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है अपने-अपने क्षेत्रों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के साथ आवश्यक कार्यवाही करें तथा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपनियों में गेट में ही वाहन चालकों के ब्रीथ एनालाइजर से ड्रायवरों की जांच की जा रही है या नहीं। इसकी जानकारी लेकर कंपनी प्रबंधक को निर्देशित करने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मोटर साइकिल चोरी पर अंकुश लगाने, संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल आरोपियों की वर्तमान गतिविधियों की जांच के दायरे को और बढाने तथा सूचनातंत्र सुदृढ करने कहा गया। उन्होंने खरसिया, भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों में आवश्यकता अनुसार नये सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुराने कैमरों को अपडेट करने के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत माह की अपेक्षा अपराध, शिकायत की निकाल की स्थिति को संतोषजनक बताया और आगे इसे जारी रखने बताए। पुलिस अधीक्षक द्वारा लोक सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन करने और वारंटियों व फरार आरोपियों की अधिक से अधिक धरपकड़ के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला संबंधी अपराधों तथा आयोग एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों को समयसीमा में निकल एवं हाईकोर्ट तथा अधीनस्थ न्यायालय से आये पत्रों व निर्देशों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बीते माह गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के उल्लेखनीय कार्य के लिए 3 थाना प्रभारी- निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, निरीक्षक राजेश जांगडे तथा रेडक्वीन होटल से ज्वेलरी की उठाईगिरी के आरोपियों की गिरफ्तारी में विशेष भूमिका के लिए साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत पंडा और रविंद्र कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। क्राइम मीटिंग में उन्होंने थाना प्रभारी को अधीनस्थों को अच्छे कार्य करने प्रोत्साहित करने कहा गया।

## घर में फिर घुसा दंतैल, ग्रामीण ने छत में चढ़कर बचाई जान

**कोरबा । आरएनएस**



जिले के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। उल्टा और भी बढ़ रहा है। क्षेत्र में मौजूद हाथी रिहायशी इलाके में घुसने लगे हैं।

जिले के कटघोरा वन मंडल के परला गांव में गुरुवार रात दूसरी बार हाथी एक घर में घुस गया। हाथी से जान बचाने के लिए एक परिवार के लोग घर की छत पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की जान बचाई। काफी मशक्कत के बाद हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया। जानकारी के मुताबिक, गांव की पास जंगल से लगे राजकुमार गोस्वामी का एक मकान है। वह अपनी पत्नी और एक बेटी साथ रहते हैं। राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि रात 9 बजे लगभग खाना खाने के बाद सभी सोने के लिए चले गए थे। लगभग 10 बजे के करीब हाथी की गरजने की आवाज सुनी। राजकुमार और उसका परिवार बाड़ी के तरफ खिडकी से झांक कर देखा तो एक हाथी बाड़ी में विचरण कर रहा था। इसके बाद राजकुमार, उसकी पत्नी और बच्ची किसी तरह अपनी जान बचाने सीढ़ी के ऊपर चढकर खपराई वाले छत पर चढ़ गए। इस दौरान वे हाथी की हर गतिविधियों पर ऊपर से ही नजर रख रहे थे। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से दंतैल को खदेडने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया, जिस पर गोस्वामी के परिवार ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी दंतैल हाथी बुधवार की आधी रात चंद्रिका प्रसाद साहू नामक ग्रामीण के घर में घुस गया था तब चंद्रिका व उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों ने पटाव में चढकर अपनी जान बचाई थी। बाद में वन विभाग द्वारा उन्हें सुरक्षित निकाला गया।

## फेसबुक फ्रेंड ने लड़की को बदनाम करने की धमकी देकर मांगे रुपए

- लैलूंगा पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक को उद्यापन और पॉक्सो एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



लैलूंगा पुलिस द्वारा किशोर बालिका को बदनाम करने और परिवारवालों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने वाले आरोपित युवक हर्षित यादव निवासी पत्थलगांव (जशपुर) को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना को लेकर पिछले साल 01 अगस्त 2023 में बालिका के पिता द्वारा थाना लैलूंगा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की का पत्थलगांव के हर्षित यादव से फेसबुक में परिचय हुआ। हर्षित यादव आये दिन लडकी पर भद्दे और अश्लील कमेंट्स कर परेशान करने लगा था जिसकी जानकारी लड़की अपने माता-पिता को बताई। लड़की के पिता ने हर्षित को मोबाइल पर कॉल कर समझाया किन्तु हर्षित नहीं माना और उसके बाद लड़की को और परेशान करने लगा। 01 अगस्त 2023 को हर्षित कॉल कर लड़की की शादी दूसरे के साथ नहीं होने दूंगा कह कर धमकी दिया और बदनामी से निजात पाने के लिये घरवालों से रूपयों की मांग करने लगा। लड़की के पिता के लिखित आवेदन पर थाना लैलूंगा में आरोपित हर्षित यादव के विरूद्ध अप.क्र. 226/2023 धारा 506, 509, 384, 386 आईपीसी तथा 12 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

दूसरी ओर आरोपित को अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी मिलने पर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा क्राइम मीटिंग पर फरार आरोपी की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश एसडीओपी धरमजयगढ़ एवं थाना प्रभारी लैलूंगा को दिया गया था। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा फरार आरोपी की पतासाजी के लिये आरोपी के गांव आसपास आरोपी की सूचना देने मुखबीर लगाकर रखा गया था। कल मुखबीर सूचना पर आरोपी को उसके गांव के पास से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी हर्षित यादव उर्फ हेंमत यादव पिता निधि यादव उम्र 21 साल निवासी ग्राम महुआटिकरा पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0) से पूछताछ कर महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती कर उसकी विधिवत गिरफ्तारी कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे, प्रधान आरक्षक संजय यादव और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## मुखबीरी बताकर नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**मोहला-मानपुर । आरएनएस**



जिले के मानपुर ब्लॉक के सीता गांव थाना क्षेत्र के पिटेमेटा गांव में नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में एक आदिवासी की हत्या कर दी है तथा मृतक के शव के पास पर्चे फेंके हैं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के मानपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पिटेमेटा में तीन सशस्त्र नक्सलियों ने अपने घर में सो रहे आदिवासी प्रेम सिंह घावडे को उठाया और अपने साथ ले गए। घटना को समय घर पर प्रेम सिंह के वृद्ध पिता मानसाय थे जिनके मिन्नतें करने के बाद भी नक्सली प्रेमसिंह को ले गये। कुछ देर बाद प्रेमसिंह के पिता अन्य ग्रामीणों के साथ नक्सलियों के गए रास्ते में पहुंचे तो गांव के स्कूल से कुछ दूर औंधी जाने वाले कच्चे मार्ग में प्रेमसिंह का शव मिला। इसके अलावा शव के उपर और आसपास बड़ी संख्या में आरकेबी डिवीजन के हवाले से जारी पर्चे फेंके गए थे। इसमें मृतक प्रेम सिंह को पुलिस मुखबिर बताते हुए जन अदालत में उसकी हत्या किए जाने की बात लिखी गई है। वहीं पर्चों में कांग्रेस-भाजपा समेत राजनीतिक पार्टियों को मार भगाओ जैसे नक्सल आह्वान भी लिखे हुए थे। साथ ही पुलिस मुखबिरों को जनता और संगठन से माफ ी मांगते हुए मुखबिरी छोडऩे अन्यथा मौत की सजा पाने की चेतावनी भी दी गई है। घटना के करीब 12 घंटे बाद पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मानपुर मुख्यालय भेज दिया है। वहीं पर्चो को भी जब्त कर लिया है।

### एक लाख की ईनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कुटरू व फरसेगढ़ थाना की संयुक्त पुलिस पार्टी ने एक लाख की ईनामी एलजीएस सदस्य सहित दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई महिला नक्सली ग्रामीण की हत्या, मारपीट व पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को फरसेगढ़ व कुटरू थाना की संयुक्त पार्टी द्वारा चुचकोंटा से एक महिला नक्सली पोयामी सन्नी उर्फ रंजिता (34) निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ़ को पकड़ा गया।

## आईपीएल मैच में सट्टा का संचालन करने वाले 4 सटोरिए पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के तेलीबांधा थाना पुलिस व एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम ने आईपीएल मैचों में सट्टा का संचालन कर रहे 4 सटोरिए गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से करोड़ों रूपए का सट्टे का हिसाब तथा लैपटॉप व मोबाईल फोन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत व्हीआईपी रोड स्थित गोल्डन स्काई ग्राउण्ड एम्पेरिया के पास गली में कुछ व्यक्ति सेटअप तैयार कर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा का संचालन कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सौरभ प्रेमचंदानी, निखिल धामेजा, मनीष दौलतानी एवं आयुष्मान आहूजा होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें लैपटॉप एवं मोबाईल फ ोन को चेक करने पर उनके द्वारा लैपटॉप एवं मोबाईल फ ोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सेटअप तैयार कर सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर उक्त चारों सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 नग लैपटॉप, 14 नग मोबाईल फोन एवं करोड़ों रूपये के सट्टा का हिसाब जप्त कर सटोरियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 एवं 07 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर किया गया।

## कबीर चौक और दुर्गा चौंक मिट्ठूमुडा पर जूटमिल पुलिस ने सट्टा पट्टा लिख रखे दो युवकों को पकड़ा

- आरोपियों पर की गई जुआ एक्ट की कार्यवाई

**रायगढ़**



थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में दिनांक 04/04/2024 को जूटमिल पुलिस द्वारा क्षेत्र में सट्टा-पट्टी लिखने वाले और अवैध शराब बेचने वालों की सूचनाएं लेकर छापेमार कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा द्वारा कबीर चौक के पास आरोपी विनोद यादव पिता सुदामा यादव उम्र 47 वर्ष साकिन मिट्ठुमुडा हीरानगर थाना जूटमिल रायगढ़ तथा दुर्गा चौक मिट्ठुमुडा के पास आरोपी सतीश दास महंत पिता प्रकाश दास महंत उम्र 27 वर्ष साकिन थाना जूटमिल के पीछे वार्ड क्र. 32 थाना जूटमिल रायगढ़ को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों से नगदी रकम कुल 1150/- रूपये, दो चालू डाटपेन और सट्टी पर्ची की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना जूटमिल में पृथ्क-पृथक धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## ग्राम पड़िगांव के चलित थाना में थाना प्रभारी तमनार ने रहवासियों को किया साइबर क्राइम से सचेत

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा समय-समय पर थानाक्षेत्र के गांवों में चलित थाना, पुलिस जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 04/04/2024 को थाना प्रभारी के नेतृत्व में तमनार पुलिस टीम द्वारा ग्राम पडिगांव में चलित थाना लगाया गया। निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर ने रहवासियों से क्षेत्र की समस्याएं की जानकारी लेकर गांव के झगडेलू एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों की जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने आपस में मिल जुलकर रहने और झगड़ा विवाद से दूर रहने की ग्रामीणों को समझाइश दिया गया तथा ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किये। चलित थाना में उपस्थित महिलाओं को थाना प्रभारी द्वारा ऑनलाइन फ्राड से सचेत करते हुये बताये कि लोग अंजान कॉल से सबसे अधिक ठगे जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्तियों के कॉल पर निजी जानकारी विशेष कर बैंक के डिटेल, ATM पिन, OTP की जानकारी बिल्कुल ना दें। अंजान कॉल से आये लुभावन स्कीम या डराने-धमकाने बातों पर विश्वास ना करें , पुलिस को सूचना दें। जागरूक रहकर फ्राड से बचा जा सकता है। चलित थाना में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, एएसआई नरसिंह नाथ यादव आरक्षक अनुप मिंज, ग्राम पडिगांव के काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## कनकबीरा,गोबरसिंघा और सुखापाली में किया गया दिव्यांग सियान मतदाता कार्यक्रम

- 7 मई भूल न जाना, मतदाता का फर्ज निभाना नारा से गूंजा कार्यक्रम स्थल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर मतदाता जागरूकता (स्वीप) नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक (पंचायत) हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सियान-दिव्यांग मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला जनपद के ग्राम पंचायत गोबरसिंघा और सुखापाली में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनो के लिए स्वीप-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कनकबीरा में दिव्यांग सियान मतदाताओं ने बनाई स्वीप मानव श्रृंखला

समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल के नेतृत्व में सारंगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत कनकबीरा में सियान और दिव्यांग मतदाता के लिए स्वीप मानव श्रृंखला बना कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। उपस्थित मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं जैसे दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओ के लिए विशेष रुप से मतदान केंद्र में रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, छाया, शौचालय आदि के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंटकर आत्मिक सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा 7 मई भूल न जाना, मतदाता का फर्ज निभाना और लोकतंत्र में भागीदारी ,मतदान हमारी जिम्मेदारी नारा का उदघोष किया गया। इस कार्यक्रम में सहभागी समस्त वृद्धजन, दिव्यांगजन, अधिकारी, कर्मचारी सहित उपस्थित ग्रामवासियों को आगामी निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाई गई। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में जनपद पंचायत के समाज शिक्षा संगठक सुरेश राठिया, ब्लॉक समन्वयक (एनआरएलएम) संदीप तंबोली, चिकित्सा अधिकारी पीएचसी कनकबीरा, पंचायत सचिव कनकबीरा, सारंगढ़ और बरमकेला क्षेत्र कनकबीरा, सालर, गोबरसिंघा, सुखापाली आदि के बिहान समूह की महिला सदस्य एवम् पेंशन तकनीकी सहायक आनंद रात्रे, अनिल कुर्रे, पेंशन तकनीकी सहायक जय महंत की विशेष सहभागिता रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480